बिहार सरकार
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट)
बड़ीखंजरपुर, खिरनीघाट, भागलपुर 812001
Email Id:- dietbgp@gmail.com

# कार्यालय–आदेश
## (अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण)

निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, महेन्द्रू, पटना के ज्ञापांक–1/175465/2024, दिनांक 27.11.2024 के आलोक में संस्थान द्वारा स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6-12 तक के बच्चों में जीवन कौशल के विकास हेतु जिला स्तरीय BRG(Block Resource Group), HM तथा HWA का गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है।

| प्रशिक्षण का नाम | बैचों की संख्या (40 प्रतिभागी प्रति बैंच) | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| BRG प्रशिक्षण (जिला स्तरीय) | 02 | 68 |
| HM प्रशिक्षण (जिला स्तरीय) | 28 | 1116 |
| HWA प्रशिक्षण (प्रखण्ड स्तरीय) | 56 | 2232 |

अतः उपरोक्त के आलोक में प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु GST, पंजीकृत वेंडरों/एजेंसियों से दिनांक 13.12.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक संस्थान कार्यालय में बंद लिफाफे में हाथों–हाथ से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

प्रशिक्षण में सामग्रियों की आपूर्ति एवं प्रदान की जाने वाली सेवा जिसके लिए कोटेशन आमंत्रित किया जाता है उसकी सूची निम्नांकित है।–

| क्र० सं० | विवरण |
|---|---|
| 1 | दोपहर का भोजन, दो समय की चाय–बिस्कुट, (GST सहित नियमानुसार) |
| 2 | प्रशिक्षण सहायक सामग्री एवं स्टेशनरी (पेन, फोल्डर, नोट–पैड संदर्भ सामग्री(GST सहित नियमानुसार) |
| 3 | आकस्मिकता (बैनर, सफाई, अध्ययन सामग्री A4 Size Paper फोटो कॉपी, Drinking Water, Card Board, Sticky Notes, Sound System, Projector इत्यादि (GST सहित नियमानुसार) |

सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु कोटेशन, प्रति प्रशिक्षु प्रति दिन की दर से उपलब्ध कराया जायेगा एवं उक्त सामग्रियों की आपूर्ति एवं सेवा प्रदान करने हेतु प्रति प्रशिक्षु प्रति दिन की दर से विभाग द्वारा निर्धारित दर की अपेक्षा न्यूनतम राशि में गुणवत्ता युक्त सेवा प्रदान करने वाले वेंडर/एजेंसी का चयन उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु करते हुए कार्य आवंटित किया जायेगा।

चयनित वेंडर/एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपरोक्त मदों में अंकित सामग्रियों एवं सेवा की गुणवत्ता असंतोष जनक अथवा त्रुटिपूर्ण रहने की स्थिति में संस्थान के प्राचार्य के पास संबंधित वेंडर/एजेंसी को कभी भी आवंटित उक्त कार्य को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। चयनित वेंडर/एजेंसी को कार्य आवंटन के दो दिवसों के अंदर इस संबंध में लिखित शपथ–पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रदान करना होगा।

इच्छुक भेण्डर अपने Food & Catering का FSSAI का प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र एवं GST प्रमाण–पत्र, पैन नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता संख्या, एवं IFSC Code के साथ सीलबंद लिफाफे में संस्थान को निर्धारित समय सीमा में हाथों–हाथउपलब्ध करायेंगें। किसी भी कोटेशन को बिना कारण बताए रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशन दाताओं के बीच बांटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। चयनित एजेंसी की कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उस एजेंसी का कार्य तत्क्षण समाप्त कर दिया जायेगा।

उक्त कार्य हेतु GST, पंजीकृत वेंडरों/एजेंसियों के द्वारा कोटेशन प्रदान करने की तिथि 13.12.2024 के उपराह्न 05:00 बजे तक निर्धारित है तथा उसके उपरान्त प्राप्त कोटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

सभी प्राप्त कोटेशनों को संस्थान की क्रय समिति के समक्ष दिनांक 14.12.2024.के अपराह्न 01:00 बजे खोला जायेगा, जिसमें कोटेशन प्रदान करने वाले वेंडर/एजेंसी के संचालक अथवा उनके द्वारा नामित व्यक्ति उपस्थित रह सकते है।

अधोहस्ताक्षरी के पास इस कोटेशन की शर्तो में संशोधन अथवा इसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**नोट–विस्तृत जानकारी बेबसाईटः–www.dietbhagalpur.in, संस्थान के सूचना–पद् एवं संस्थान से प्राप्त की जा सकती है।**

9.12.24

प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
भागलपुर